**नई दिल्ली में संगम विहार स्थित दिल्ली नगर निगम के विद्यालय में अल्पाहार**

4205. **श्री चतुरानन मिश्र** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली की ग्रामीण पुनर्वास और अनधिकृत कालोनियों में स्थित दिल्ली नगर निगम के प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों को अल्पाहार दिया जा रहा है और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या दक्षिण क्षेत्र में ग्रीन पार्क के अन्तर्गत संगम बिहार स्थित दिल्ली नगर निगम के प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों के अल्पाहार की सुविधा दी जा रही है ; यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) उन स्कूलों में यह सुविधा कब तक उपलब्ध करायी जाएगी ?

**मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह)** : (क) जी, हां । जे० जे० कालोनी तथा पुनर्वास कालोनियों, गंदी बस्तियों तथा उन क्षेत्रों जिनमें मुख्यत: समाज के कमजोर वर्ग के वे लोग रहते हैं, में स्थित दिल्ली नगर निगम के प्राथमिक स्कूलों के बच्चों को दोपहर का भोजन दिया जाता है ।

(ख) और (ग) जी, नहीं । योजना के अन्तर्गत वित्तीय प्रतिबंधों के कारण लाभाग्राहियों की संख्या को बढ़ाना तथा नए स्कूलों को शामिल करना ; संभव नहीं है ।

**नई दिल्ली में संगम विहार स्थित दिल्ली नगर निगम का विद्यालय**

4206. **श्री गुरुदास दास गुप्त** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) संगम बिहार नई दिल्ली में दिल्ली नगर निगम द्वारा चलाये जा रहे प्राथमिक विद्यालयों की ब्लाकवार संख्या कितनी है ; और

(ख) विद्यालयों में पढ़ने वाले कुल बच्चों की कक्षाबार संख्या कितनी है ?

**मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह)** : (क) और (ख) दिल्ली नगर निगम द्वारा संगम विहार में सचालित प्राथमिक स्कूलों और छात्रों का नामांकन निम्नानुसार है :—

| ब्लाकवार स्कूलों की स्थिति | कक्षावार बच्चों का नामांकन | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | i | ii | iii | iv | v |
| (i) संगम विहार "सी" ब्लाक . . | 289 | 129 | 60 | 43 | 22 |
| (ii) संगम विहार "आई" ब्लाक . . | 208 | 106 | 62 | 3 | — |
| (iii) संगम विहार "जे" ब्लाक . . | 417 | 202 | 110 | 87 | 47 |
| (iv) संगम विहार–I . . . | 251 | 374 | 123 | 144 | 242 |
| (v) संगम विहार–II . . | 222 | 390 | 274 | 214 | — |